लोक संपर्क कार्यालय
चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम दैनिक भास्कर
दिनांक 17/10/2019 पृष्ठ सं. 11 कॉलम 7-8

# नई किस्म डब्लयूएच 1184 से प्रति एकड़ 70 मन की पैदावर



सुरेंद्र भारद्वाज | जींद


हरियाणा कृषि विश्वद्यालय हिसार के कृषि वैज्ञानिकों ने प्रदेश के किसानों के लिए गेहूं की नई किस्म डब्लयू एच 1184 ईजाद की है। किसान इस बार इस किस्म की बिजाई कर पुरानी किस्मों एचडी 2967, एचबीपी 86 सहित अन्य की तुलना में गेहूं की बेहतरीन पैदावार ले सकते हैं। यह किस्म कृषि विश्वविद्यालय हिसार द्वारा सिर्फ प्रदेश के किसानों के लिए अनुममोदित की गई है। कृषि वैज्ञानिकों का दावा है कि नई किस्म डब्लयूएच 1184 से प्रति एकड़ 70 मन तक की पैदावर देगी। यह किस्म सिंचित व उपजाऊ भूमि में बिजाई के लिए काफी अच्छी है। गेहूं की नई किस्म का हालांकि फिलहाल कृषि विश्वविद्यालय के पास सीमित मात्रा में बीज उपलब्ध है। लेकिन किसान फिर भी एचएयू फार्म से कुछ मात्रा में बीज खरीद सकते हैं। पिछले कई दिनों से एचएयू फार्म से किसानों को बीज वितरित भी किया जा रहा है। खास बात यह है गेहूं की नई किस्म खाने में काफी अच्छी है और इसमें प्रोटीन की मात्रा 13.0 प्रतिशत है।

## कृषि वैज्ञानिकों ने बताई हैं नई किस्म में ये खासयित...

- गेहूं की अगेती किस्म है और इसी वर्ष यह बिजाई के लिए एचएयू हिसार द्वारा अनुमोदित की गई है।
- सिंचित क्षेत्र जहां पानी के पर्याप्त साधन हैं और भूमि उपजाऊ है उसके लिए सबसे अच्छी किस्म है।
- डब्लयूएच 1184 बौनी किस्म है और इसकी अधिकतम लंबाई 99 सेंटीमीटर रहेगी। तैयार होने के बाद इसके गिरने का खतरा नहीं है।
- 144 दिन में पककर तैयार हो जाएगी।
- पकने की अवस्था में उच्च तापमान सहन करने की क्षमता है।
- प्रति एकड़ 24.5 क्विंटल से लेकर 28.1 क्विंटल यानि 70 मन तक प्रति एकड़ पैदावार देगी।
- यह किस्म गेहूं में आने वाली बीमारी पीला व भूरा रतुआ अवरोधी है। इन दोनों बीमारियों की आने का खतरा नहीं है।
- इस किस्म में प्रोटीन की मात्रा 13.0 प्रतिशत है जो काफी अच्छी मानी जाती है।

## इस किस्म की 1 से 15 नंवबर तक करें बिजाई

कृषि वैज्ञानिकों का कहना है कि किसान नई किस्म डब्लयूएच 1184 की एक नंवबर से लेकर 15 नंवबर तक बिजाई कर सकते है। इस दौरान प्रति एकड़ 40 किलो बीज डाले और बिजाई से पहले उपचार जरूर करें। **नई किस्म को ईजाद करने के लिए इन कृषि वैज्ञानिकों ने की कई साल मेहनत** एचएयू के अनुसंधान निदेशक डा. एसके सहरावत के मार्गदर्शन में नई किस्म को ईजाद करने के लिए गेहूं वैज्ञानिक डा. ओमप्रकाश बिश्नोई, डॉ. आईएस पंवार, डॉ. एसएस ढांडा, डॉ. विक्रम सिंह, डॉ. दिव्या फौगाट, डॉ. योगेंद्र गुलिया, डॉ. भगत सिंह व डॉ राजेंद्र बैनीवाल, डॉ. रेणू मुंजाल ने कई साल मेहनत की और उसके बाद कृषि वैज्ञानिक डब्लयूएच 1184 ईजाद कर पाए। ताकि किसानों को गेहूं की बेहतरीन पैदावार मिले और उनकी आय बढ़ सके।



ओपी बिश्नोई

लोक संपर्क कार्यालय

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम पंजाब केसरी

दिनांक 17/10/2019 पृष्ठ सं. 2 कॉलम 7+8

# महिलाओं को उन्नत कार्य करने पर किया सम्मानित



*कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारी व महिलाएं।*

हिसार, 16 अक्तूबर (ब्यूरो): चौ. चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के अभियांत्रिकी महाविद्यालय के अंतर्गत रिन्यूएबल एंड बायो एनर्जी इंजीनियरिंग विभाग एवं जनशक्ति संस्था द्वारा महिला किसान दिवस समारोह डाबड़ा गांव में मनाया गया।

इस अवसर महिलाओं ने भाग लिया। महिलाओं को उन्नत कार्य करने पर सम्मानित भी किया। डा. यादविका ने कहा कि आज के दौर में महिलाएं पुरुषों के साथ खेत में कंधे से कंधा मिलाकर अग्रणी कार्य कर रही हैं। महिलाएं शिक्षा का क्षेत्र हो, खेल का क्षेत्र हो नौकरी या व्यापार का क्षेत्र हो हर क्षेत्र में महिलाएं बढ़-चढ़कर भाग ले रही हैं। विश्वविद्यालय के प्रो. डा. रवि गुप्ता ने कहा कि आज महिलाओं का युग है और महिलाएं किसी भी क्षेत्र में पुरुषों से कम न होकर हर क्षेत्र में अपने आप को पुरुषों से बढ़कर साबित कर रही हैं।

जनशक्ति संस्था के अध्यक्ष विकास गोदारा ने कहा कि जनशक्ति संस्था सदैव महिलाओं के लिए तत्पर रहता है। इस अवसर पर संस्था के को-ऑर्डिनेटर रीटा मेहरा, सोनू सभ्रवाल, मोनिका, रितु जांगड़ा, विकास पूनिया, शेखर सिंह ग्राम पंचायत सदस्य सुनील, संदीप, मोहम्मद, राम, बलजीत, रोशनी देवी, चमेली, प्रीति, प्रगति व मंजू आदि महिलाएं उपस्थित थीं।

# लोक संपर्क कार्यालय
# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम........दैनिक भास्कर........

दिनांक....17/10/2019.... पृष्ठ सं.....2..... कॉलम.....5-6.....

## जनशक्ति संस्था ने डाबड़ा गांव में महिला किसान दिवस समारोह मनाया

भास्कर न्यूज़ | हिसार

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के अभियांत्रिकी महाविद्यालय के अंतर्गत रिनयूएबल एंड बायो एनर्जी इंजीनियरिंग विभाग एवं जनशक्ति संस्था द्वारा महिला किसान दिवस समारोह डाबड़ा गांव में मनाया गया। इस अवसर पर महिलाओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। डॉ यादविका ने कहा कि आज के दौर में महिलाएं पुरुषों के साथ खेत में कंधे से कंधा मिलाकर अग्रणी कार्य कर रही है। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के प्रोफेसर डॉ रवि गुप्ता विशेष रूप से उपस्थित थे। उन्होंने महिला किसान दिवस के कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं से कहा कि आज महिलाओं का युग है और महिलाएं किसी भी क्षेत्र में पुरुषों से कम न होकर हर क्षेत्र में अपने आप को पुरुषों से आगे साबित कर रही है। कार्यक्रम में जनशक्ति संस्था के अध्यक्ष विकास गोदारा ने महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि जनशक्ति संस्था सदैव महिलाओं के लिए तत्पर रहता है, उन्होंने आश्वासन दिया कि यदि महिलाएं किसी भी प्रकार के किसी भी क्षेत्र में कोई भी रोजगार या कारोबार करना चाहती है तो उसकी मदद की जाएगी। इस अवसर पर संस्था के कोऑर्डिनेटर रीटा मेहरा, सोनू सभरवाल, मोनिका, रितु जांगड़ा, मिट्ठी बुरा, विकास पूनिया, शेखर सिंह मौजूद थे।

लोक संपर्क कार्यालय
चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम....नभ छोर....
दिनांक....16/10/2019.... पृष्ठ सं....7.... कॉलम....1-2....

# वर्तमान में हर क्षेत्र में महिलाएं अग्रणी : यादविका

हिसार/16 अक्टूबर/रिपोर्टर

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के अभियांत्रिकी महाविद्यालय के अंतर्गत रिन्यूएबल एंड बायो एनर्जी इंजीनियरिंग विभाग एवं जनशक्ति संस्था द्वारा महिला किसान दिवस समारोह डाबड़ा गांव में मनाया गया। इस अवसर पर महिलाओं को उन्नत कार्य करने पर सम्मानित भी किया। डॉ. यादविका ने कहा कि आज के दौर में महिलाएं पुरुषों के साथ खेत में कंधे से कंधा मिलाकर अग्रणी कार्य कर रही हैं। महिलाएं शिक्षा का क्षेत्र हो, खेल का क्षेत्र हो नौकरी या व्यापार का क्षेत्र हो हर क्षेत्र में महिलाएं भाग ले रही हैं। विश्वविद्यालय के प्रोफेसर डॉ. रवि गुप्ता ने कहा कि आज महिलाओं का युग है और महिलाएं किसी भी क्षेत्र में पुरुषों से कम न होकर हर क्षेत्र में अपने आप को पुरुषों से बढ़चढ़ कर साबित कर रही है। जनशक्ति संस्था के अध्यक्ष विकास गोदारा ने कहा कि यदि महिलाएं किसी भी प्रकार के किसी भी क्षेत्र में कोई भी रोजगार या कारोबार करना चाहती हैं तो उसकी मदद की जाएगी। इस अवसर पर संस्था के को-ऑर्डिनेटर रीटा मेहरा, सोनू सभरवाल, मोनिका, रितु जांगड़ा, विकास पूनिया, शेखर सिंह सुनील, संदीप, मोहम्मद, राम, बलजीत, रोशनी देवी, चमेली, प्रीति, प्रगति, मंजू आदि उपस्थित रहे।

लोक संपर्क कार्यालय
चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम ....सीटी पल्स....
दिनांक ....16/10/2019.... पृष्ठ सं. ....3.... कॉलम ....1-4....

कार्यक्रम | उन्नत कार्य करने वाली महिलाओं को किया सम्मानित

# डाबड़ा गांव में महिला किसान दिवस समारोह का आयोजन

सिटी पल्स न्यूज़, हिसार। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के अभियांत्रिकी महाविद्यालय के अंतर्गत रिनयूएबल एंड बायो एनर्जी इंजीनियररिंग विभाग एवं जनशक्ति संस्था द्वारा महिला किसान दिवस समारोह डाबड़ा गांव में मनाया गया। इस अवसर महिलाओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। महिलाओं को उन्नत कार्य करने पर सम्मानित भी किया।

डॉ. यादविका ने कहा कि आज के दौर में महिलाएं पुरुषों के साथ खेत में कंधे से कंधा मिलाकर अग्रणी कार्य कर रही है। महिलाएं शिक्षा का क्षेत्र हो, खेल का क्षेत्र हो नौकरी या व्यापार का क्षेत्र हो हर क्षेत्र में महिलाएं बढ़-चढ़कर भाग ले रही हैं। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के प्रोफेसर डॉ. रवि गुप्ता विशेष रूप से उपस्थित थे। उन्होंने महिला किसान दिवस के कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि आज महिलाओं का युग है और महिलाएं किसी भी क्षेत्र में पुरुषों से कम न होकर हर क्षेत्र में अपने आप को पुरुषों से बढ़कर साबित कर रही है।



*हिसार। कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारी व महिलाएं।*

कार्यक्रम में जनशक्ति संस्था के अध्यक्ष विकास गोदारा ने महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि जनशक्ति संस्था सदैव महिलाओं के लिए तत्पर रहता है उन्होंने आश्वासन दिया कि यदि महिलाएं किसी भी प्रकार के किसी भी क्षेत्र में कोई भी रोजगार या कारोबार करना चाहती है तो उसकी मदद की जाएगी। इस अवसर पर संस्था के कोऑर्डिनेटर रीटा मेहरा, सोनू सभरवाल, मोनिका, रितु जांगड़ा, मिट्ठी बुरा, विकास पूनिया, शेखर सिंह ग्राम पंचायत सदस्य सुनील, संदीप, मोहम्मद, राम, बलजीत, रोशनी देवी, चमेली, प्रीति, प्रगति, मंजू आदि महिलाएं उपस्थित थी।

लोक संपर्क कार्यालय
चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम....हैलो हिसार....
दिनांक....16/10/2019.... पृष्ठ सं....2.... कॉलम....1-3....

# हकृवि ने महिला किसान दिवस समारोह का आयोजन गांव डाबड़ा में किया



हिसार: 16 अक्तुबर चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के अभियांत्रिकी महाविद्यालय के अंतर्गत रिनयूएबल एंड बायो एनर्जी इंजीनियररिंग विभाग एवं जनशक्ति संस्था द्वारा महिला किसान दिवस समारोह डाबड़ा गांव में मनाया गया। इस अवसर महिलाओं ने बढ़चढ़ कर भाग लिया। महिलाओं को उन्नत कार्य करने पर सम्मानित भी किया।

डा यादविका ने कहा कि आज के दौर में महिलाएं पुरुषों के साथ खेत में कंधे से कंधा मिलाकर अग्रणी कार्य कर रही है। महिलाएं शिक्षा का क्षेत्र हो, खेल का क्षेत्र हो नौकरी या व्यापार का क्षेत्र हो हर क्षेत्र में महिलाएं बढ़-चढ़कर भाग ले रही है। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के प्रोफेसर डा रवि गुप्ता विशेष रूप से उपस्थित थे उन्होंने महिला किसान दिवस के कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि आज महिलाओं का युग है और महिलाएं किसी भी क्षेत्र में पुरुषों से कम न होकर हर क्षेत्र में अपने आप को पुरुषों से बढ़कर साबित कर रही है।

लोक संपर्क कार्यालय
चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम......दैनिक भास्कर......
दिनांक......17 अक्टूबर...... पृष्ठ सं......3...... कॉलम......2-3......

# एचएयू में हैंडीक्राफ्ट और ज्वेलरी मेकिंग स्किल प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरुआत



**हिसार |** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के गृह विज्ञान महाविद्यालय में काउंसलिंग एंड प्लेसमेंट सेल द्वारा आयोजित की जाने वाली विभिन्न गतिविधियों के अंतर्गत विस्तार शिक्षा एवं संचार प्रबंधन विभाग द्वारा इनहांसमेंट ऑफ हैंडीक्राफ्ट एंड ज्वेलरी मेकिंग स्किल फॉर एंटरप्रिन्योशिप डेवेलपमेंट विषय पर छात्राओं के लिए दो सप्ताह का प्रशिक्षण कार्यक्रम आरंभ हुआ। इस अवसर पर सह छात्र कल्याण निदेशक डॉ. ओमेन्द्र सांगवान ने निदेशालय की गतिविधियों पर प्रकाश डालते हुए छात्राओं को इस प्रकार के प्रशिक्षणों में बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया। प्रशिक्षण संयोजिका डॉ. वंदना वर्मा तरार ने बताया कि इस प्रशिक्षण का उद्देश्य छात्राओं के कौशल को विकसित करना है। यह प्रशिक्षण स्नातक छात्राओं को उनकी व्यवसायिक कौशल को बढ़ाने में मददगार साबित होगा।

लोक संपर्क कार्यालय
चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम...... हरि भूमि

दिनांक...17 अक्टूबर...... पृष्ठ सं.....15...... कॉलम....1.....



## हकृवि नें दो सप्ताह का प्रशिक्षण शुरू

हिसार। हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के गृह विज्ञान महाविद्यालय में काऊसलिंग एंड प्लेसमेंट सैल द्वारा आयोजित की जाने वाली विभिन्न गतिविधियों के अंतर्गत विस्तार शिक्षा एवं संचार प्रबंधन विभाग द्वारा एनहांसमेंट ऑफ हैंडीक्राफ्ट एंड ज्वैलरी मेकिंग स्किल फॉर एंटरप्रिन्योशिप डेवेल्पमेंट विषय पर छात्राओं के लिए दो सप्ताह का प्रशिक्षण कार्यक्रम आरंभ हुआ। डा. ओमेन्द्र सांगवान ने निदेशालय की गतिविधियों पर प्रकाश डालते हुए छात्राओं को इस प्रकार के प्रशिक्षणों में बढ़ चढ़ कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया। प्रशिक्षण संयोजिका डॉ. वंदना वर्मा तरार ने बताया कि इस प्रशिक्षण का उद्देश्य छात्राओं के कौशल को विकसित करना है। यह प्रशिक्षण स्नातक छात्राओं को उनकी व्यवसायिक कौशल को बढ़ाने में मददगार साबित होगा।

# लोक संपर्क कार्यालय
# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम......पंजाब केसरी, अमर उजाला......

दिनांक......17 अक्टूबर 2019...... पृष्ठ सं......3, 1...... कॉलम......7-8, 1......

## ह.कृ.वि. की छात्राओं को दिया प्रशिक्षण



कार्यक्रम में उपस्थित डा. ओमेंद्र सांगवान व प्रतिभागी छात्राएं।

हिसार, 16 अक्तूबर (ब्यूरो): चौ. चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के गृह विज्ञान महाविद्यालय में काऊंसिलिंग एंड प्लेसमैंट सैल द्वारा आयोजित की जाने वाली विभिन्न गतिविधियों के अंतर्गत विस्तार शिक्षा एवं संचार प्रबंधन विभाग द्वारा एन्हांसमैंट ऑफ हैंडीक्राफ्ट एंड ज्वैलरी मेकिंग स्किल फॉर एंटरप्रिन्योशिप डिवैल्पमैंट विषय पर छात्राओं के लिए 2 सप्ताह का प्रशिक्षण कार्यक्रम आरंभ हुआ। सह छात्र कल्याण निदेशक डा. ओमेंद्र सांगवान ने निदेशालय की गतिविधियों पर प्रकाश डालते हुए छात्राओं को इस प्रकार के प्रशिक्षणों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया।

प्रशिक्षण संयोजिका डा. वंदना वर्मा तरार ने बताया कि इस प्रशिक्षण का उद्देश्य छात्राओं के कौशल को विकसित करना है। यह प्रशिक्षण स्नातक छात्राओं को उनकी व्यावसायिक कौशल को बढ़ाने में मददगार साबित होगा।

## एचएयू : छात्राओं के लिए प्रशिक्षण शुरू

हिसार। हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय (एचएयू) के गृह विज्ञान महाविद्यालय में काउंसिलिंग एंड प्लेसमेंट सेल और विस्तार शिक्षा एवं संचार प्रबंधन विभाग की तरफ से एन्हांसमेंट ऑफ हैंडीक्राफ्ट एंड जेवलरी मेकिंग स्किल फॉर एंटरप्रिन्योरशिप डेवलपमेंट विषय पर छात्राओं के लिए दो सप्ताह का प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू हुआ। इस अवसर पर सह छात्र कल्याण निदेशक डॉ. ओमेंद्र सांगवान ने निदेशालय की गतिविधियों पर प्रकाश डालते हुए छात्राओं को इस प्रकार के प्रशिक्षणों में बढ़ चढ़ कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया।

लोक संपर्क कार्यालय

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम ....सीटी पल्स, नभ छोर....

दिनांक ....16/10/2019.... पृष्ठ सं. ....4, 2.... कॉलम ....5-8, 2-5....

# हकृवि में एनहांसमेंट ऑफ हेंडीक्राफ्ट एंड ज्वेलरी मेकिंग स्किल फॉर एंटरप्रिन्योशिप डेवेल्पमेंट विषय पर प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू

सिटी पल्स न्यूज, हिसार। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के गृह विज्ञान महाविद्यालय में काऊसलिंग एंड प्लेसमेंट सैल द्वारा आयोजित की जाने वाली विभिन्न गतिविधियों के अंतर्गत विस्तार शिक्षा एवं संचार प्रबंधन विभाग द्वारा एनहांसमेंट ऑफ हेंडीक्राफ्ट एंड जेवलरी मेकिंग स्किल फॉर एंटरप्रिन्योशिप डेवेल्पमेंट विषय पर छात्राओं के लिए दो सप्ताह का प्रशिक्षण कार्यक्रम आरंभ हुआ। इस अवसर पर सह छात्र कल्याण निदेशक डॉ. ओमेन्द्र सांगवान ने निदेशालय की गतिविधियों पर प्रकाश डालते हुए छात्राओं को इस प्रकार के प्रशिक्षणों में बढ़ चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया।

प्रशिक्षण संयोजिका डॉ. वंदना वर्मा तरार ने बताया कि इस प्रशिक्षण का उद्देश्य छात्राओं के कौशल को विकसित करना है। यह प्रशिक्षण स्नातक छात्राओं को उनकी व्यवसायिक कौशल को बढ़ाने में मददगार साबित होगा।



*हिसार। कार्यक्रम में उपस्थित डॉ. ओमेन्द्र सांगवान व प्रतिभागी छात्राएं।*

# व्यवसायिक कौशल बढ़ाने का प्रशिक्षण आरंभ

हिसार/16 अक्टूबर/रिपोर्टर

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के गृह विज्ञान महाविद्यालय में काऊसलिंग एंड प्लेसमैंट सैल द्वारा आयोजित की जाने वाली विभिन्न गतिविधियों के अंतर्गत विस्तार शिक्षा एवं संचार प्रबंधन विभाग द्वारा एन्हांसमैंट ऑफ हैंडीक्राफ्ट एंड ज्वेलरी मेकिंग स्किल फॉर एंटरप्रिन्योशिप डेवेल्पमैंट विषय पर छात्राओं के लिए दो सप्ताह का प्रशिक्षण कार्यक्रम आरंभ हुआ। इस अवसर पर सह छात्र कल्याण निदेशक डॉ. ओमेन्द्र सांगवान ने छात्राओं को इस प्रकार के प्रशिक्षणों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। प्रशिक्षण संयोजिका डॉ. वंदना वर्मा तरार ने बताया कि इस प्रशिक्षण का उद्देश्य छात्राओं के कौशल को विकसित करना है। यह प्रशिक्षण स्नातक छात्राओं को उनके व्यवसायिक कौशल को बढ़ाने में मददगार साबित होगा।

# लोक संपर्क कार्यालय
## चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम दैनिक भास्कर

दिनांक 17 अक्टूबर पृष्ठ सं. 2 कॉलम 7-8

### एचएयू के गृह विज्ञान कॉलेज में हुई मेहंदी प्रतियोगिता



**हिसार** | चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के गृह विज्ञान महाविद्यालय के प्रागंण में छात्राओं द्वारा करवाचौथ के शुभ अवसर पर मेहंदी कार्यक्रम व नेल आर्ट आयोजित किया गया। साथ ही साथ इस कार्यक्रम में गृह विज्ञान की छात्राओं के द्वारा खाने की व श्रृंगार से संबंधित वस्तुओं की स्टाल लगाई।

लोक संपर्क कार्यालय
चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम पंजाब केसरी, हरिभूमि
दिनांक 17/10/2019 पृष्ठ सं 2, 11 कॉलम 4-6, 2-3

# कार्यक्रम में छात्राओं ने लगाई मेहंदी

हिसार, 16 अक्तूबर (ब्यूरो): चौ. चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के गृह विज्ञान महाविद्यालय के प्रांगण में छात्राओं द्वारा करवा चौथ के शुभ अवसर पर मेहंदी कार्यक्रम व नेल आर्ट आयोजित किया गया, साथ ही साथ इस कार्यक्रम में गृहविज्ञान की छात्राओं के द्वारा खाने की व श्रृंगार से संबंधित वस्तुओं की स्टाल लगाई गई।



मेहंदी लगाती युवती।

# करवाचौथ पर लगाई मेहंदी



हिसार। हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के गृह विज्ञान महाविद्यालय के प्रांगण में छात्राओं द्वारा करवाचौथ के शुभ अवसर पर मेंहदी कार्यक्रम व नेल आर्ट आयोजित किया गया। साथ ही साथ इस कार्यक्रम मे गृहविज्ञान की छात्राओं के द्वारा खाने की व श्रृंगार से संबंधित वस्तुओं की स्टाल लगाई गई। इस रंगमयी त्योहार के माहौल को देखकर वहां पर मौजूद सभी ने कुछ प्रस्तुतियां देकर अपनी खुशी जाहिर की। फोटो : हरिभूमि